
Class-5

# 1 भाषा और व्याकरण (Language and Grammar)

**भाषा** वह साधन है जिसके द्‌वारा हम अपने विचार लिखकर या बोलकर प्रकट करते हैं तथा दूसरों के विचार सुनकर या पढ़कर समझते हैं। जैसे–






ऊपर दिए गए चित्रों में आपने देखा कि मित्र आपस में बातें कर रहे हैं, सभा में नेताजी भाषण दे रहे हैं। ये सभी भाषा के रूप हैं।

वैसे तो पशु–पक्षी भी कुछ आवाज़ें निकालकर अपने विचारों का आदान–प्रदान करते हैं, जैसे–बिल्ली की म्याऊँ–म्याऊँ, कुत्ते की भौं–भौं परंतु उनकी आवाज़ को हम भाषा नहीं कह सकते।

**भाषा के मुख्य दो भेद होते हैं–**

भाषा
- मौखिक भाषा
- लिखित भाषा



1) **मौखिक भाषा :** जब मनुष्य अपने विचार **बोलकर** दूसरों के सामने प्रकट करता है तथा दूसरा **सुनकर** उसकी बात समझता है, तो वह भाषा का **मौखिक रूप** कहलाता है।



Scanned with CamScanner



2) **लिखित भाषा :** जब मनुष्य अपने विचार **लिखकर** दूसरों के सामने प्रकट करता है तथा दूसरा **पढ़कर** उसे समझता है, तो वह भाषा का **लिखित रूप** कहलाता है।



भाषा का एक अन्य भेद सांकेतिक भाषा भी हैं। कई बार संकेतों द्वारा हम अपनी बात दूसरों तक पहुँचाते हैं। जैसे: हाथ हिलाकर बाय करना आदि। इस प्रकार संकेतों द्वारा अपने विचार प्रकट करना ही भाषा का **सांकेतिक** रूप कहलाता है।

## बोली

जिन भाषाओं का प्रयोग क्षेत्रीय स्तर पर होता है, वह **बोली** कहलाती है। हमारे देश में 600 से अधिक बोलियाँ बोली जाती हैं।

## भारत की प्रमुख भाषाएँ

भारत में बाईस (22) भाषाओं को मान्यता प्राप्त है। जैसे–

- हिंदी
- संस्कृत
- उर्दू
- तेलुगू
- पंजाबी
- नेपाली
- उड़िया
- मराठी
- कोंकणी
- असमी
- तमिल
- सिंधी
- मणिपुरी
- बंगाली
- मलयालम
- कश्मीरी
- गुजराती
- कन्नड़
- बोड़ो
- मैथिली
- डोगरी
- संथाली

## विदेशी भाषाएँ

- जापानी
- चीनी
- रूसी
- स्पेनिश
- अंग्रेज़ी
- अरबी

## लिपि

मौखिक ध्वनियों को लिखित रूप में प्रकट करने के लिए निश्चित चिह्नों की व्यवस्था ही **लिपि** कहलाती है।

आओ, कुछ अन्य भाषाएँ और उनकी लिपियों के नाम देखें –

| भाषा | लिपि | भाषा | लिपि |
|---|---|---|---|
| संस्कृत/हिंदी | देवनागरी | उर्दू | फ़ारसी |
| मराठी | देवनागरी | फ्रांसीसी | रोमन |
| नेपाली | देवनागरी | पंजाबी | गुरुमुखी |
| कोंकणी | देवनागरी | बंगाली | बांग्ला |
| अंग्रेज़ी/जर्मन | रोमन | | |



Scanned with CamScanner

Class-5

## व्याकरण

भाषा को अस्थिरता से बचाने एवं उसके वैज्ञानिक अध्ययन हेतु व्याकरण की आवश्यकता होती है। इस प्रकार, वह शास्त्र, जो भाषा के शुद्ध रूप का बोध कराता है, वह **व्याकरण** कहलाती है।

## आइए दोहराएँ (Let's Recall)

- भाषा वह साधन है जिसके द्वारा हम अपने विचार लिखकर या बोलकर तथा दूसरों के विचार प्रकट करते हैं, सुनकर या पढ़कर समझते हैं।
- भाषा के मुख्य दो भेद होते हैं– मौखिक भाषा और लिखित भाषा।
- क्षेत्रीय स्तर पर प्रयोग होने वाली भाषा को बोली कहते हैं।
- भारत में 22 भाषाओं को मान्यता प्राप्त है।
- भाषा के लिखित रूप में जिन ध्वनि-चिह्नों का प्रयोग किया जाता है, वे लिपि कहलाती हैं।
- वह शास्त्र, जो भाषा के शुद्ध रूप का बोध कराता है, वह व्याकरण कहलाता है।

## रचनात्मक मूल्यांकन (Formative Evaluation)

**सोचो और बताओ–**

(क) अपनी कॉपी में कक्षा-कार्य लिखते समय आप भाषा के किस रूप का प्रयोग करते हैं?

(ख) कोई दो विदेशी भाषाओं के नाम बताओ।

(ग) रोमन किस भाषा की लिपि है?

## संकलित मूल्यांकन (Summative Evaluation)

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो–**

(क) भाषा से आप क्या समझते हैं तथा भाषा के कितने रूप हैं? उनके नाम भी लिखो।

..........................................................................................................

(ख) भारत में कितनी भाषाओं को मान्यता प्राप्त है?

..........................................................................................................

(ग) व्याकरण किसे कहते हैं?

..........................................................................................................



Scanned with CamScanner

Class -5

2. सही शब्द से रिक्त स्थान भरो–

शुद्ध लिखित फ़ारसी बाईस मौखिक

(क) भाषा के दो भेद होते हैं .................... और ....................।

(ख) भारत में .................... भाषाओं को मान्यता प्राप्त है।

(ग) उर्दू की लिपि .................... होती है।

(घ) व्याकरण भाषा के .................... रूप का बोध कराता है।

3. सही कथन पर ( ✓ ) और गलत कथन पर ( × ) का चिह्न लगाओ–

(क) भाषा के तीन भेद होते हैं। ☐

(ख) पत्र लिखना भाषा का लिखित रूप है। ☐

(ग) भारत में बाईस भाषाओं को मान्यता प्राप्त है। ☐

(घ) व्याकरण हमें भाषा के शुद्ध रूप का बोध कराता है। ☐

4. निम्नलिखित राज्यों में बोली जाने वाली भाषाओं के नाम लिखो–

पंजाब – .................... बंगाल – ....................

तमिलनाडु – .................... महाराष्ट्र – ....................

गुजरात – .................... उड़ीसा – ....................

5. नीचे बने चित्र में से निम्नलिखित भाषाओं की लिपि छाँटकर लिखो–

नेपाली – ....................

जर्मन – ....................

उर्दू – ....................

पंजाबी – ....................

बंगाली – ....................

बांग्ला, फ़ारसी, गुरुमुखी, देवनागरी, रोमन



Scanned with CamScanner

# M.K.D. PUBLIC SCHOOL

**Sarai Rai Chanda, Mungra Badshahpur, Jaunpur,**

**Session – 2020-21**

**Class-5th**

**विषय – हिन्दी व्याकरण**

---

## पाठ – 1 'भाषा' और व्याकरण

1. भाषा बह साधन है जिसके द्‌वारा हम अपने विचार लिखकर या बोलकर प्रकट करते हैं तथा दूसरों के विचार सुनकर या पढकर समझते हैं।
2. क्षेत्रिय स्तर पर प्रयोग होने वाली भाषा को बोली कहते हैं।
3. भाषा के दो भेद होते हैं।

   1 मौखिक भाषा। 2 लिखित भाषा।

4. भारत में 22 भाषाओं को मान्यता प्राप्त है।
5. भाषा के लिखित रुप में जिन ध्वनि-चिन्हों का प्रयोग किया जाता है, वे लिपि कहलाती है।-
6. वह शास्त्र जो भाषा के शुद्‌ध रुप का बोध कराता है वह व्याकरण कहलाता है।

उपरोक्त सभी बिन्दुओं को ध्यानपूर्वक पढिए और नीचे दिए गए अभ्यास कार्य को करिए-

प्रश्न-1 भाषा से आप क्या समझते है? इसके कितने भेद हैं उनके नाम भी लिखो।

प्रश्न-2 भारत में कितनी भाषाओं को मान्यता प्राप्त है किन्ही दस भाषाओ के नाम लिखो।

प्रश्न-3 व्याकरण किसे कहते हैं?

प्रश्न-4 निम्नलिखित राज्यों में बोली जाने वाली भाषाओं के नाम लिखो-

पंजाब................................ बंगाल................................

तमिलनाडु........................................ महाराष्ट्र...........................

M.K.D.PUBLIC SCHOOL

**गुजरात.......................................     उडीसा............................**

**5.   निम्नलिखित भाषाओं की लिपि कोष्ठक की सहायता से लिखिए-**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **बांग्ला,** | **फारसी,** | **गुरुमुखी,** | **देवनागरी,** | **रोमन** |

(क) नेपाली..........................

(ख) जर्मन................................

(ग) उर्दू....................................

(घ) पंजाबी....................................

(ङ) बंगाली............................

M.K.D.PUBLIC SCHOOL